Amar Ujala 21-12-2025

**परीक्षा**

**15 तक करें आवेदन, अभ्यर्थियों को देनी होगी 3000 रुपये फीस**

# स्कूल शिक्षा बोर्ड 22 को लेगा एलडीआर की लिखित परीक्षा

अमर उजाला ब्यूरो

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड सीमित सीधी भर्ती (एलडीआर) के लिए लिखित परीक्षा 22 फरवरी को लेगा। पात्र अभ्यर्थी 23 दिसंबर से 15 जनवरी तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। 1427 पदों को भरने के लिए होने वाली इस लिखित परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों को 3000 रुपये शुल्क जमा करवाना होगा। इस दौरान पोस्ट कोड 260101 के तहत आर्ट्स के 284, पोस्ट कोड 260102 के तहत नॉन मेडिकल के 100, पोस्ट कोड 260103 के तहत मेडिकल के 104, पोस्ट कोड 260104 के तहत हिंदी के 343, पोस्ट कोड 260105 के तहत संस्कृत के 283, पोस्ट कोड 260106 के तहत जेबीटी के 62 और पोस्ट कोड 260107 के तहत ड्राइंग मास्टर के 251 पदों को भरा जाएगा। इस बारे में स्कूल शिक्षा बोर्ड ने अधिसूचना भी जारी कर दी है।



**1427**

**पद हैं खाली**

> एलडीआर के लिए परीक्षा शुल्क ऑनलाइन जमा करवाना होगा। किसी अन्य माध्यम से शुल्क को स्वीकार नहीं किया जाएगा। निर्धारित शुल्क का सफल भुगतान किए बिना प्रस्तुत किए गए आवेदन को अवैध माना जाएगा तथा बिना किसी पूर्व सूचना के उनके आवेदनों को खारिज कर दिया जाएगा। बोर्ड कार्यालय ऑनलाइन आवेदन में त्रुटियों को सुधारने का एकमात्र अवसर प्रदान किया जाएगा। आवेदन में दर्शाए गए विवरणों की सत्यता सुनिश्चित करने की पूरी जिम्मेदारी पूरी तरह से अभ्यर्थी की होगी।
>
> **-डॉ. मेजर विशाल शर्मा,** सचिव स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला।

जानकारी के अनुसार हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड निदेशालय विद्यालय शिक्षा हिमाचल प्रदेश की ओर से सीमित सीधी भर्ती परीक्षा 2025-26 का आयोजन 22 फरवरी को करेगा। कुल 1427 पदों को भरा जाएगा। ये पद शिक्षा विभाग में सेवारत एसएमसी शिक्षकों के लिए आरक्षित हैं। इस दौरान जिन्होंने न्यूनतम 5 वर्ष की सेवा पूर्ण की हो और जो एसएमसी नीति 17-07-2012 के तहत नियुक्त हैं और जिनके पास प्रासंगिक एवं लागू आरएंडपी नियमों के अनुसार आवश्यक शैक्षणिक योग्यता रखता हो, वही इसके लिए आवेदन कर सकता है। यह भर्ती एवं इसके तहत की जाने वाली नियुक्ति जॉब ट्रेनी आधार पर की जाएगी।

वहीं 16 से 18 जनवरी तक अभ्यर्थी 600 रुपये लेट फीस के साथ आवेदन कर सकेंगे। आवेदन पत्र में त्रुटियों को दुरुस्त करने के लिए 19 से 21 जनवरी तक का समय होगा।


दैनिक सवेरा टाइम्स
अंधेरे से उजाले की ओर...

# हिमाचल शिक्षा बोर्ड भरेगा 1427 पद

## बोर्ड चेयरमैन डॉ. राजेश शर्मा ने दी जानकारी, 23 दिसंबर से शुरू होंगे आवेदन, 22 फरवरी को होगी परीक्षा

**सवेरा न्यूज/ यशपाल सिंह**

धर्मशाला, 20 दिसंबर : हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने प्रदेश के सरकारी स्कूलों में कार्यरत एसएमसी शिक्षकों के लिए बड़ी भर्ती की घोषणा की है। बोर्ड द्वारा सीधी भर्ती परीक्षा 2025-26 के माध्यम से 1427 पदों को भरा जाएगा। यह जानकारी बोर्ड के चेयरमैन डा. राजेश शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि यह भर्ती विशेष रूप से उन एसएमसी शिक्षकों के लिए है, जिन्होंने शिक्षा विभाग में कम से कम पांच वर्ष की निरंतर सेवा पूरी कर ली है और जो 17 जुलाई 2012 की नीति के तहत नियुक्त हैं। ये सभी नियुक्तियां जॉब ट्रेनी के आधार पर की जाएंगी। भर्ती किए जाने वाले 1427 पदों में सबसे अधिक 343 पद टीजीटी हिंदी के हैं। इसके अलावा टीजीटी आर्ट्स के 284, टीजीटी संस्कृत के 283, ड्राइंग मास्टर के 251, टीजीटी मेडिकल के 104, टीजीटी नॉन-मेडिकल के 100 और जेबीटी के 62 पदों पर भर्ती की जाएगी। इन पदों के लिए केवल वही शिक्षक पात्र होंगे जो संबंधित आर एंड पी नियमों के तहत निर्धारित शैक्षणिक योग्यता को पूरा करते हैं। इन पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 23 दिसंबर, 2025 से शुरू होगी और 15 जनवरी 2026 तक चलेगी। सामान्य आवेदन के लिए 3000 रुपए शुल्क निर्धारित किया गया है। यदि कोई अभ्यर्थी निर्धारित समय में आवेदन नहीं कर पाता है, तो वह 16 से 18 जनवरी 2026 तक 600 रुपए विलंब शुल्क के साथ अपना फॉर्म भर सकेगा। आवेदनों में सुधार के लिए 19 से 21 जनवरी तक का समय दिया जाएगा।



आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे और किसी भी अन्य माध्यम से भेजे गए या अधूरे फॉर्म बिना किसी सूचना के रद्द कर दिए जाएंगे। अभ्यर्थी विस्तृत जानकारी, पात्रता शर्तें और आवेदन का लिंक बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। किसी भी संशय की स्थिति में अभ्यर्थी बोर्ड के हेल्पलाइन नंबर 01892-242192 पर संपर्क कर सकते हैं।

– डा. राजेश शर्मा, चेयरमैन,
हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड
धर्मशाला।

भर्ती परीक्षा का आयोजन 22 फरवरी 2026 को किया जाएगा।

पंजाब केसरी
SUN,21 DECEMBER 2025
EDITION: KANGRA KESARI, PAGE NO. 4

# एस.एम.सी. शिक्षकों के लिए सीमित सीधी भर्ती परीक्षा 2025-26 आयोजित करेगा स्कूल शिक्षा बोर्ड

धर्मशाला, 20 दिसम्बर (ब्यूरो): हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला द्वारा शिक्षा विभाग में कार्यरत एस.एम.सी. शिक्षकों के लिए सीमित सीधी भर्ती परीक्षा (एल.डी.आर.) 2025-26 आयोजित की जा रही है। यह भर्ती कुल 1427 पदों के लिए होगी, जो केवल उन्हीं एस.एम.सी. शिक्षकों के लिए आरक्षित है, जिन्होंने न्यूनतम 5 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली है तथा जिनकी नियुक्ति एस.एम.सी. नीति 17 जुलाई 2012 के अंतर्गत हुई है।



भर्ती प्रक्रिया जॉब ट्रेनी आधार पर की जाएगी। इस भर्ती के अंतर्गत विभिन्न विषयों में प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टी.जी.टी.), जूनियर बेसिक ट्रेंड (जे.बी.टी.) तथा ड्राइंग मास्टर के पद भरे जाएंगे। इनमें टी.जी.टी. आर्ट्स, नॉन-मैडीकल, मैडीकल, हिंदी, संस्कृत, जे.बी.टी. और ड्राइंग मास्टर के पद शामिल हैं। बोर्ड सचिव डा. मेजर विशाल ने बताया कि भर्ती से संबंधित विस्तृत विज्ञापन बोर्ड की आधिकारिक वैबसाइट पर उपलब्ध है।

ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 20 दिसम्बर 2025 से शुरू हो चुकी है, जबकि आवेदन की अंतिम तिथि 23 दिसम्बर 2025 निर्धारित की गई है। विलंब शुल्क के साथ आवेदन 15 जनवरी 2026 तक स्वीकार किए जाएंगे। ऑनलाइन आवेदन में सुधार की सुविधा 16 से 18 जनवरी 2026 तक रहेगी। एल.डी.आर. परीक्षा का आयोजन 19 से 21 जनवरी 2026 तथा 22 फरवरी 2026 को किया जाएगा।

## परीक्षा शुल्क


परीक्षा शुल्क 3000 रुपए निर्धारित किया गया है, जबकि विलंब शुल्क 600 रुपए होगा। शुल्क का भुगतान डैबिट कार्ड, क्रैडिट कार्ड अथवा नैट बैंकिंग के माध्यम से ऑनलाइन किया जाएगा। डॉ. मेजर विशाल ने बताया कि केवल ऑनलाइन आवेदन जमा करने से किसी भी अभ्यर्थी को चयन या नियुक्ति का अधिकार प्राप्त नहीं होगा।

चयन प्रक्रिया पात्रता जांच, दस्तावेज सत्यापन, पदों की उपलब्धता तथा सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के अधीन रहेगी। उन्होंने अभ्यर्थियों से अपील की है कि आवेदन पत्र भरते समय सभी विवरण सावधानीपूर्वक भरें।

Divya Himachal 21-12-2025

# शिक्षा बोर्ड भरेगा 1427 पद

## एसएमसी शिक्षकों को बनाया जाएगा जॉब ट्रेनी, पांच साल का सेवाकाल पूरा करने वालों को सुविधा



**दिव्य हिमाचल ब्यूरो-धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने प्रदेश के सरकारी स्कूलों में कार्यरत एसएमसी शिक्षकों के लिए बड़ी भर्ती की घोषणा की है। बोर्ड द्वारा सीधी भर्ती परीक्षा 2025-26 के माध्यम से 1427 पदों को भरा जाएगा। यह जानकारी बोर्ड के चेयरमैन डा. राजेश शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि यह भर्ती विशेष रूप से उन एसएमसी शिक्षकों के लिए है जिन्होंने शिक्षा विभाग में कम से कम पांच वर्ष की निरंतर सेवा पूरी कर ली है और जो 17 जुलाई 2012 की नीति के तहत नियुक्त हैं। ये सभी नियुक्तियां जॉब ट्रेनी के आधार पर की जाएंगी।



### शैक्षणिक योग्यता का रखें ध्यान

**भर्ती** किए जाने वाले 1427 पदों में सबसे अधिक 343 पद टीजीटी हिंदी के हैं। इसके अलावा टीजीटी आर्ट्स के 284, टीजीटी संस्कृत के 283, ड्राइंग मास्टर के 251, टीजीटी मेडिकल के 104, टीजीटी नॉन-मेडिकल के 100 और जेबीटी के 62 पदों पर भर्ती की जाएगी। इन पदों के लिए केवल वही शिक्षक पात्र होंगे जो संबंधित आर एंड पी नियमों के तहत निर्धारित शैक्षणिक योग्यता को पूरा करते हैं।

### 23 से करें आवेदन इन पदों के लिए

ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 23 दिसंबर 2025 से शुरू होगी और 15 जनवरी 2026 तक चलेगी। सामान्य आवेदन के लिए 3000 रुपए शुल्क निर्धारित किया गया है। यदि कोई अभ्यर्थी निर्धारित समय में आवेदन नहीं कर पाता है, तो वह 16 से 18 जनवरी 2026 तक 600 रुपए विलंब शुल्क के साथ फॉर्म भर सकेगा। आवेदनों में सुधार के लिए 19 से 21 जनवरी तक का समय दिया जाएगा। भर्ती परीक्षा का आयोजन 22 फरवरी 2026 को किया जाएगा।

" आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे और किसी भी अन्य माध्यम से भेजे गए या अधूरे फॉर्म बिना किसी सूचना के रद्द कर दिए जाएंगे। अभ्यर्थी विस्तृत जानकारी, पात्रता शर्तें और आवेदन का लिंक बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं

**डा. राजेश शर्मा, चेयरमैन, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला**

Dainik Jagran 21-12-2025

# एलडीआर के 1427 पदों के लिए परीक्षा 22 फरवरी को

संवाद सहयोगी, जागरण • धर्मशाला : प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने शिक्षा विभाग की ओर से सीमित सीधी भर्ती यानी एलडीआर परीक्षा 2025-26 के लिए शेड्यूल जारी कर दिया है। परीक्षा 22 फरवरी को होगी। इसके लिए 23 दिसंबर से 15 जनवरी तक बिना विलंब शुल्क के तीन हजार रुपये के साथ आनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं। विलंब शुल्क 600 रुपये के साथ 16 से 18 जनवरी 2026 का समय तय किया है।

19 से 21 जनवरी तक आनलाइन एप्लीकेशन की त्रुटियों को दुरुस्त किए जाने का समय निर्धारित किया है। शिक्षा बोर्ड के सचिव डा. मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि एसएमसी शिक्षकों के लिए सीमित सीधी भर्ती परीक्षा 1427 पदों के लिए होगी, जो केवल उन्हीं एसएमसी शिक्षकों के लिए आरक्षित है, जिन्होंने न्यूनतम पांच वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली है और जिनकी नियुक्ति एसएमसी नीति 17 जुलाई, 2012 के अंतर्गत हुई है।